Building Noc

# कार्यालय सहायक अभियन्ता
## निर्माण खण्ड–2,लो0नि0वि0 बदायूँ

दिनांकः– 19/09/2020

पत्रांकः– 448/ प्रमाण-पत्र

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
बदायूँ।

विषयः– मदर्स पब्लिक स्कूल उझानी रोड़ बदायूँ को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 के अनुसार प्रमाण–पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–6218–21/2019–20 दिनांक 28.02.2020

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि मदर्स पब्लिक स्कूल उझानी रोड़ बदायूँ जोकि पीलीभीत बरेली मथुरा भरतपुर राजमार्ग स0 33 के किमी0 104.00 में बायें ओर स्थित है। अवर अभियन्ता एवं स्वयं के स्थलीय निरीक्षण में विद्यालय प्रबन्धक श्री राजेश सिहं यादव द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2019–20 में कराया गया है जो वर्तमान में भूतल एवं प्रथम तल स्तर तक निर्मित है । यह भी अवगत करना है कि उक्त विद्यालय के प्रबन्धक श्री राजेश सिंह यादव द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ–पत्र एवं संलग्नक तकनीकी प्रमाण–पत्र के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण कार्य श्री मो0 सैफ आर्किटेक्ट बदायूँ द्वारा दिये गये सर्टिफिकेट के अनुसार उनके दक्ष तकनीकी स्टाफ की देख–रेख में नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 के मानकों को दृष्टिगत रखते हुए प्रारम्भ से वर्तमान स्थिति तक किया गया है। इससे स्पष्ट है कि उपराक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य आर्किटेक्ट श्री मो0 सैफ द्वारा अपने तकनीकी देख–रेख में कराया गया है। चूंकि लोक निर्माण विभाग की देख–रेख में भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों का काई भी तकनीकी परीक्षण निर्माण नहीं कराया है, अतः उक्त आर्किटेक्ट श्री मो0 सैफ द्वारा दिये गये प्रमाण–पत्र एवं विद्यालय के प्रबन्धक श्री राजेश सिंह यादव द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ–पत्र को आधार मानते हुए उक्त विद्यालय भवन की मान्यता हेतु संस्तुति की जाती है।

संलग्नः– 1. श्री मो0 सैफ आर्किटेक्ट का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
2. श्री राकेश कुमार यादव द्वारा दिया गया शपथ–पत्र की छायाप्रति।

19/3/2020

सहायक अभियन्ता (तृतीय)
निर्माण खण्ड–2,लो0नि0वि0
बदायूँ।
दिनांकः– .2020

पत्रांकः– /

प्रतिलिपिः–

1. प्रबन्धक मदर्स पब्लिक स्कूल उझानी रोड़ बदायूँ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अवर अभियन्ता (प्रा0) निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0 बदायूँ को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक अभियन्ता (तृतीय)
निर्माण खण्ड–2,लो0नि0वि0
बदायूँ।